आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.06.2025 / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में कुछ बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण व प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा के लिए स्कूल और कॉलेज शिक्षा के अलग–अलग निदेशालय बनाए गए हैं, जो एक निर्णायक कदम है। वे ऊना विधानसभा क्षेत्र में कल विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने के बाद डिग्री कॉलेज ऊना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

*कैसे शिक्षा के स्तर में सुधार लाया जाए शिक्षा के क्षेत्र में हम कॉलेज तो खोल रहे हैं लेकिन गुणात्मक शिक्षा नहीं दे पा रहे। स्कूल आफ ऐजुकेशन का एक बोर्ड बनाया और कालेज ऐजुकेशन का एक डायरेक्ट बनाया। हमने फैसला किया कि सरकारी स्कूलों में इस साल से इंग्लिश मीडियम में प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई शुरू करवा दी गई है इसके अलावा अगले साल ऊना का पहला स्कूल उसको एमबी करने जा रहे हैं साथ ही उसको सी बी एस ई करने जा रहे हैं।*

मुख्यमंत्री ने नशा और खनन माफिया से सख्ती से निपटने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

*जो भी चिटटे के धंधे में संलिप्त लोग, अधिकारी और सरकारी कर्मचारी हैं कुछ समय बाद आप देखेंगे इस पर हमारी सरकार कड़े से कड़ा प्रहार करेगी। हम युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। हम युवाओं को जो नशे की लत लगाने में सलिप्त गिरोह हैं लोग हैं उनको हम जेल की सलाखों के पीछे भेजेंगे।*

इस बीच मुख्यमंत्री आज कुल्लू जिला के आनी विधानसभा क्षेत्र के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सड़कों व पेयजल योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। वे बागा सराहन में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता भी करेंगे।

दुर्घटना

मंडी जिला के पटड़ीघाट में आज सुबह निजी बस के खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु जबकि 20 से 25 लोगों के घायल होने का समाचार है। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। हमारे मंडी जिला संवाददाता मुनीष सूद ने बताया कि भारी बारिश के चलते राहत व बचाव कार्य में बाधा आ रही है। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों सहित पुलिस जवान भी राहत व बचाव कार्य में जुटे हैं और घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक भेजा जा रहा है। ये बस जाहू से मंडी आ रही थी।

सिंकदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉ. सिंकदर कुमार ने कहा है कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भाजपा शहरी मंडल हमीरपुर द्वारा आयोजित संकल्प से सिद्धि सभा में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में उन्होंने ये बात कही। सिंकदर कुमार ने राष्ट्रीय विकास के बेरोक आगे बढ़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के निर्णायक और भ्रष्टाचार मुक्त शासन को श्रेय दिया है।

कला महोत्सव

राजधानी शिमला स्थित बैंटनी कैसल में राज्य संग्रहालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कला महोत्सव कल संपन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की। कला महोत्सव का उद्देश्य पारंपरिक व समकालीन चित्रकला को प्रोत्साहन देना और उभरते चित्रकारों को मंच प्रदान करना रहा। महोत्सव के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।

अभियान

भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के दौरान आकांक्षी जिला चम्बा में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे जिसका कार्य फील्ड स्तर पर शुरू हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 11 लाख पौधे रोपे जाएंगे और इस कार्य में वन विभाग सहित अन्य विभाग और इको क्लब भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं

*भारत सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कैंपियन को शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत स्टेट के अंदर 11 लाख पौधों का टारगेट इस बार आया है एनवायरमेंटल अवेयरनेस और उसमें टारगेट करना है छोटे बच्चों को स्कूली बच्चों को ताकि जो एक चेतन है वातावरण को लेकर शुरुआती दौर से ही हमारे भीतर रहे इसी के अंतर्गत जिला चंबा में भी लगभग 1 लाख के आसपास का टारगेट हमने रखा है*

*कोशिश हमारी है कि जो हम स्कूलों में और शायरी निकायों में पौधारोपण कर रहे हैं वह ऐसे पौधों का हो जो कि कुछ यूटिलिटी आगे चलकर भी रख सके*

प्री मानसून

हिमाचल प्रदेश में प्री मानसून की बारिश का दौर शुरू हो गया है जिससे राज्य के अधिकांश इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। ये बारिश मक्की की फसल से अन्य फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आगामी 5 दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मध्यम से हल्की बारिश दर्ज की जाएगी और 20 जून के बाद तापमान में और गिरावट होने का पूर्वानुमान है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 25 जून के आसपास मानसून दस्तक दे सकता है।

*हिमाचल प्रदेश के अगर हम 17 जून की बात करें तो हमें अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश को देखने को मिलेगी जिसमें समझ रूप से जो हमारे मैदानी इलाके हैं वहां पर यह बारिश का दौर अगले तीन से चार घंटे लगातार हमें देखने को मिलेगा जबकि हाई हील्स में यह बारिश लगभग दोपहर की बात से चालू होगी और शाम तक चलेगी हालांकि हिमाचल प्रदेश के एक्टिविटी में कल और परसों थोड़ी सी कमी आएगी लेकिन 20 तारीख के बाद से एक बार फिर से बारिश हमें हिमाचल प्रदेश के अनेक स्थानों में बढ़ती हुई नजर आएगी मानसून की जो नॉर्मल रेट है वह हिमाचल प्रदेश में 25 जून है।*